तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 23.0° | 27.0° |
| इंदौर | 22.0° | 26.0° |
| जबलपुर | 24.0° | 27.0° |
| ग्वालियर | 26.0° | 32.0° |
| सागर | 23.0° | 28.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(सागरः वर्ष 13 अंक 145, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल पंचमी संवत् 2083
सोमवार, 17 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
सागर संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... पंचकन्याओं के साहस और संघर्ष की गाथा ...

विचार मंथन... हर मोर्चे पर असफल होते अमेरिकी राष्ट्रपति...

व्यापार... लागत से नीचे बिक्री से सोयाबीन, सीपीओ और...

अंचल... सहज-सरल, लेकिन इरादों के 'अटल' थे पूर्व...


### पीएम मोदी ने एक करोड़ युवाओं को एआई प्रशिक्षण, नशामुक्त भारत और महिला सशक्तीकरण सहित कई लक्ष्यों की घोषणा की

# 2047 तक विकसित भारत का संकल्प

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सपनों, संकल्प और सामर्थ्य पर विश्वास करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित परिवारों के प्रति एकजुटता भी व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में देश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, रेलवे कोच उत्पादन और मोबाइल फोन निर्माण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल लेनदेन, इंटरनेट उपयोग, पेटेंट, नल जल

कनेक्शन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को भी उन्होंने देश की बदलती गति का उदाहरण बताया। उन्होंने सेमीकंडक्टर निर्माण, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन ट्रेन को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि समुद्र तट के बड़े हिस्से को नए ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए खोला गया है। उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाखों घरों को लाभ मिलने की जानकारी भी दी।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए सप्तधारा की रणनीति प्रस्तुत की। इसमें विनिर्माण शक्ति, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, गति शक्ति, रक्षा शक्ति, हरित एवं नीली अर्थव्यवस्था तथा भारत की सॉफ्ट पावर शामिल हैं। उन्होंने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत को विश्वसनीय केंद्र बनाने, कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने और एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स तथा 6जी जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व करने पर जोर दिया।

युवाओं को परिवर्तन का केंद्र बताते हुए प्रधानमंत्री ने आने वाले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रशिक्षण देने की घोषणा की। उन्होंने मुफ्त ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग, खेल प्रतिभा खोज और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने नशामुक्त भारत के लिए 100 सप्ताह के अभियान का आह्वान किया। नक्सलवाद के समाप्त होने, नागरिक सुरक्षा के आधुनिक नेटवर्क, महिला सशक्तीकरण और लखपति दीदियों की संख्या छह करोड़ तक बढ़ाने के लक्ष्य का भी उल्लेख किया। समापन में प्रधानमंत्री ने पंच प्रण दोहराते हुए नागरिकों से राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखकर कदम-दर-कदम विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

### पीएम ने दिमागी नक्सल नहीं कहा : रिजिजू बोले

**नई दिल्लीः** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'दिमागी नक्सल' टिप्पणी पर विपक्ष की आलोचना का जवाब दिया। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं को दिमागी नक्सल नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि यह शब्द माओवादियों के समर्थकों, भारतीय संविधान को नहीं मानने वालों और अनुच्छेद 370 का समर्थन करने वालों के लिए इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा था कि उन्हें दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से संबोधन में देश को दिमागी नक्सलियों से बचाने और ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें अलग-थलग करने की बात कही थी।

## वंदे मातरम् गायन रोकने पर सोनिया माफी मांगें: शाह

**नईदुनिया ब्यूरो, निंबाहेड़ाः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राजस्थान के निंबाहेड़ा में कांग्रेस पर वंदे मातरम को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया था। शाह ने कहा कि वंदे मातरम के 150वें वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसे सम्मान दिलाने का काम किया है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन के दौरान सोनिया गांधी के कहने पर इसे बीच में रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता इस घटना को देख रही है और कांग्रेस को इसके लिए

माफी मांगनी चाहिए। राजस्थान दौरे पर शाह ने निंबाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने चित्तौड़गढ़ सहित 15 जिलों में 5,659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

### बंकिमचंद्र के वंशज ने जताई नाराजगी

**कोलकाता/नई दिल्ली :** बंगाल के नैहाटी से भाजपा विधायक और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने वंदे मातरम के कथित अपमान को लेकर सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को रोकने का इशारा किया गया। चटर्जी ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा कि वे बंकिमचंद्र के सीधे वंशज होने के नाते इस घटना से आहत और नाराज हैं। उन्होंने इसे शहीदों का अपमान बताया।

## खास-खबरें

### वाराणसी एयरपोर्ट पर चली गोली, दो कर्मचारी घायल

**नईदुनिया ब्यूरो, वाराणसीः** वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री की पिस्टल से गोली चल गई। घटना में महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने हथियार पहले ही घोषित किया था। जांच के दौरान एक राउंड फायर हो गया। पुलिस ने कमलेश के पास से पिस्टल और 21 कारतूस बरामद किए। करीब पांच घंटे पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई। कमलेश आजमगढ़ के रहने वाले और शिवसेना नेता हैं।

### कांग्रेस नेता और बेटे की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, नादियाः** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्वतंत्रता दिवस की रात कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उनके बेटे अबू सुफियान की हत्या कर दी गई। घटना बेथुआडहरी रेलगेट के पास हुई। दोनों कार से घर लौट रहे थे, तभी हमलावरों ने वाहन रोककर गोलियां चलाईं और बाद में कार का दरवाजा खोलकर धारदार हथियारों से हमला किया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अनीसुर प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य और नादिया जिला कांग्रेस के महासचिव थे। पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस की पंचायत प्रमुख फातिमा बीवी, साहेब अली मंडल और मिथुन शेख को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हत्या में तृणमूल नेता जुबेर शेख की भूमिका सामने आई है।

## इलायची के विज्ञापन पर शाहरुख अजय और टाइगर श्रॉफ को नोटिस



▸▸ **15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा, नियमों के उल्लंघन पर 10 लाख रुपये तक जुर्माना संभव**

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः** महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ को 'विमल इलायची' के विज्ञापन को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रशासन का आरोप है कि विज्ञापन के माध्यम से राज्य में प्रतिबंधित 'विमल पान मसाला' का अप्रत्यक्ष प्रचार किया जा रहा है। तीनों को 11 अगस्त को नोटिस भेजकर 15 दिन के भीतर जवाब और स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अनुसार विज्ञापन में 'विमल' नाम, उत्पाद और संवाद का इस्तेमाल इस तरह किया गया है, जिससे ब्रांड का प्रचार होता दिखाई देता है। प्रशासन का कहना है कि 'विमल' ब्रांड पान मसाले से भी जुड़ा है और महाराष्ट्र में पान मसाला प्रतिबंधित होने के कारण इसके अप्रत्यक्ष प्रचार पर भी कार्रवाई की जा सकती है। मामले में 10 लाख रुपये तक जुर्माना लगने की संभावना है। महाराष्ट्र में तंबाकू और निकोटिन युक्त गुटखा व पान मसाले पर 2012 से प्रतिबंध है। 13 जुलाई 2026 को प्रतिबंध को एक वर्ष के लिए फिर बढ़ाया गया है। 25 मई से 31 जुलाई के बीच प्रशासन ने 658 स्थानों पर कार्रवाई कर 15.11 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित माल जब्त किया। इस दौरान 519 प्राथमिकी दर्ज कर 701 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 78 वाहन भी जब्त किए गए।

## देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का लोकार्पण

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 14-डी सिनेमा और वर्चुअल जंगल सफारी की शुरुआत की

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का लोकार्पण किया। उन्होंने इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर निर्मित 14-डी सिनेमा थियेटर और वर्चुअल जंगल सफारी का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर जो भी करता है, सबसे अच्छा करता है और निरंतर नवाचार एवं विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्चुअल जंगल सफारी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इससे लोगों को जंगल और वन्यजीवों का आभासी अनुभव मिलेगा तथा नगर निगम को आय भी प्राप्त होगी। उन्होंने मंत्रियों और स्कूली बच्चों के साथ 14-डी सिनेमा

थियेटर में फिल्म देखी और वर्चुअल जंगल सफारी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्राणी संग्रहालय में फव्वारे का शुभारंभ किया और एक्वेरियम में मछलियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नई सुविधाओं से शहरवासियों, बच्चों और पर्यटकों को मनोरंजन के साथ वन्यजीवों और प्रकृति को तकनीक के माध्यम से समझने का अवसर मिलेगा।

### किसानों का पक्का मोर्चा, मांगें पूरी होने तक नहीं हटेंगे

## दिल्ली कूच पर रोक के बाद खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसान

**नईदुनिया ब्यूरो, लुधियानाः** पंजाब से दिल्ली जा रहे 55 किसानों को खनौरी-दाता सिंहवाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद किसान पंजाब की ओर धरने पर बैठ गए और पक्के मोर्चे का ऐलान किया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। किसानों और जींद की उपायुक्त वैशाली शर्मा के बीच दो बार बैठक हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। हरियाणा पुलिस ने सीमा पर बैरिकेडिंग, कंटीले तार, कंक्रीट ब्लॉक और कंटेनर लगाकर रास्ता बंद किया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। डल्लेवाल ने कहा कि किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक किसान पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय से मामले में संज्ञान लेने की मांग की। किसानों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य किसान मुद्दों के साथ अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के विरोध की आवाज केंद्र सरकार तक पहुंचाना है। किसानों का लक्ष्य 29 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचकर एक दिन की किसान पंचायत आयोजित करना और सरकार को मांग पत्र सौंपना है।

### पूर्व डिप्टी स्पीकर बनर्जी ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बीरभूम जिले के तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में उनका शव फंदे से लटका मिला। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

### बाबा रामदेव से मिलने उमड़े प्रशंसक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** योगगुरु बाबा रामदेव रविवार को भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनसे मिलने के लिए प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके साथ कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी मौजूद रहे। लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए और दोनों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं।

### लोकसभा सचिवालय से राहुल को नोटिस

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लोकसभा में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा सचिवालय ने नोटिस जारी किया है। सचिवालय ने उनसे 28 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और संजय जायसवाल ने इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की थी। 29 जुलाई को एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने अमित शाह के संदर्भ में कुछ टिप्पणियां की थीं। इनमें इस्तेमाल किए गए 'अंधभक्त' और 'इडियट' शब्दों को अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही से हटा दिया था।

## बंदूक तलाशने पहुंची पुलिस को घर से मिले एक करोड़ रुपए

▸▸ **नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन, राजस्व और आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटीं**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सागरः** सागर के गोपालगंज थाना क्षेत्र के तिली तिगड्डा इलाके में रविवार को बंदूक की तलाश में पहुंची पुलिस को एक घर से करीब एक करोड़ रुपये नकद मिले। सोशल मीडिया पर युवक द्वारा बंदूक के साथ तस्वीर पोस्ट करने के बाद पुलिस उसकी जानकारी जुटाने घर पहुंची थी। तलाशी में हथियार नहीं मिला, लेकिन बड़ी मात्रा में नकद मिलने पर पुलिस ने नोट गिनने के लिए मशीन मंगाई। मामले की जांच के लिए राजस्व और आयकर विभाग की टीमों को भी बुलाया गया। युवक

सौरभ अहिरवार अपने भाई अंकित और मां के साथ रहता है। दोनों भाई किराए की टैक्सी चलाते हैं। उनके पिता जगदीश अहिरवार का निधन हो चुका है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि अब तक एक करोड़ रुपये गिने जा चुके हैं। परिजनों के अनुसार यह राशि भोपाल के चूना भट्टी निवासी उनके रिश्तेदार की है, जो लोक निर्माण विभाग में इंजीनियर हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, छह की मौत

▸▸ **मॉस्को के पास वितरण केंद्र में लगी आग, रूस ने 1,478 ड्रोन मार गिराने का दावा**

**मॉस्को/कीव, एजेंसीः** यूक्रेन ने रविवार को रूस पर युद्ध शुरू होने के बाद अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हुई। मॉस्को के पास रूसी ऑनलाइन खुदरा कंपनी वाइल्डबेरीज के करीब दो लाख वर्ग मीटर में फैले वितरण केंद्र में आग लग गई। आग के बाद क्षेत्र में दूर तक काले धुएं का गुबार दिखाई दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 1,478 यूक्रेनी ड्रोन और नौ क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया। मॉस्को के महापौर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि राजधानी की ओर करीब 600 ड्रोन दागे गए। उन्होंने इसे पिछले दो वर्षों में मॉस्को पर हुआ सबसे बड़ा हवाई हमला बताया। इस बीच रूस ने भी रविवार को यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए। इन हमलों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हुए। राजधानी कीव को बैलिस्टिक मिसाइल से निशाना बनाया गया। कई स्थानों पर आग लग गई। कीव के ओबोलोंस्की जिले में पेट्रोव्का पुस्तक बाजार का बड़ा हिस्सा जल गया और किताबों का पूरा भंडार नष्ट हो गया।

**विचार** *भारत को अपनी परिस्थितियों के अनुसार विकास के मानक तय करने होंगे...*

## युवाओं को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सोचना चाहिए: भागवत

**नईदुनिया ब्यूरो, नागपुरः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को नागपुर में आयोजित 'हमारा तिरंगा, हमारी शान' कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा करीब 30 वर्ष बाद बुजुर्ग होंगे। इसलिए उन्हें केवल अपने वर्तमान के बारे में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर निर्णय लेने चाहिए।

भागवत ने कहा कि भारत की युवा आबादी देश के लिए जनसंख्या लाभांश है। यदि युवाओं को सही दिशा और अवसर मिले तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके विपरीत यदि इस क्षमता का सही उपयोग नहीं हुआ तो आने वाले समय में यही आबादी समाज पर बोझ बढ़ा सकती है।

उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत को अपनी परिस्थितियों के अनुसार विकास और प्रगति के मानक तय करने चाहिए। भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन और न्यूजीलैंड जैसे देशों से अलग है। इसलिए दूसरे देशों के विकास मॉडल को पूरी तरह अपनाने के बजाय देश की जरूरतों, संसाधनों, जनसंख्या और सामाजिक

परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना आवश्यक है। भागवत ने कहा कि दुनिया आज अधूरी सोच के कारण कई समस्याओं का सामना कर रही है। भारत दुनिया का हिस्सा होने के नाते अपनी सोच और दृष्टिकोण के माध्यम से भविष्य की दिशा तय करने और संतुलन स्थापित करने में योगदान दे सकता है। इसके लिए युवाओं को अभी से तैयारी करनी होगी।

उन्होंने कहा कि भारत की गरिमा, सम्मान और प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए यह तय करना होगा कि देश किस प्रकार का विकास चाहता है और उसकी प्रगति का वास्तविक मानक क्या होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में विकास को मुख्य रूप से भौतिक संसाधनों और धन अर्जित करने के दृष्टिकोण से देखा जाता है, जबकि भारत की सोच केवल पैसा कमाने तक सीमित नहीं है।

संघ प्रमुख ने युवाओं से कठिन परिस्थितियों का साहस के साथ सामना करने और सफलता के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से कारोबार और नए अवसरों की दिशा में आगे बढ़ने की अपील भी की।

भागवत ने कहा कि भारत की बड़ी आबादी और सीमित भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए देश की समस्याओं के समाधान के लिए अलग दृष्टिकोण जरूरी है। उन्होंने कहा कि कम आबादी और अधिक संसाधनों वाले देशों की नीतियों को भारत पर सीधे लागू नहीं किया जा सकता। इसके लिए देश की परिस्थितियों का गंभीर अध्ययन कर भविष्य की रणनीति तैयार करनी होगी।